भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

मौखिक प्रश्न सं. 127

गुरूवार, 30 जुलाई, 2026/8 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तेलंगाना में पर्यटन को बढ़ावा देना

127 डा. के. लक्ष्मण:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) यादाद्री-भुवनगिरी में स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत भोंगिर किला अनुभवात्मक क्षेत्र परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत तेलंगाना के कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए क्या कार्यनीति अपनाई गई है;

(ग) इस योजना के अंतर्गत देशभर में स्थाई, विरासत से जुड़े और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रूप से क्या परिणाम परिकल्पित किए गए हैं; और

(घ) इस योजना के अंतर्गत परियोजनाओं की आयोजना तथा कार्यान्वयन में स्थानीय समुदायों, शिल्पकारों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

डा. के. लक्ष्मण द्वारा तेलंगाना में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न संख्या 127 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (घ): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों, जिनमें कम प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भी शामिल हैं, का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी प्रमुख योजनाओं, जैसे 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' के माध्यम से योजना के दिशा-निर्देशों का पालन, सरकार के निर्देशों का अनुपालन, विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, यह मंत्रालय, एसडी 2.0 योजना के अंतर्गत तेलंगाना राज्य सरकार से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निम्नलिखित परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर चुका है:

क्र.सं.	गंतव्य	अनुभव का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	भोंगीर	भोंगीर किला अनुभवात्मक क्षेत्र	56.82
2.	अनंतगिरि	अनंतगिरि वन में पारिस्थितिकीय पर्यटन क्षेत्र	38.01

तेलंगाना राज्य में भोंगीर किला अनुभवात्मक क्षेत्र परियोजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) योजना के अंतर्गत फरवरी, 2024 में स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस परियोजना की वर्तमान स्थिति सहित विवरण निम्नानुसार है:

स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)	राज्य कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा उपयोग के लिए अधिकृत राशि (करोड़ रु. में)	जून 2026 की राज्य सरकार की मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार भौतिक प्रगति	जून 2026 की राज्य सरकार की मासिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार वित्तीय प्रगति
56.82	28.40	15.56%	9.31%

पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के उद्देश्य से, गंतव्य और पर्यटक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए, स्वदेश दर्शन योजना में सुधार करते हुए इसे स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में लागू किया है। यह योजना इस बात को स्वीकार करती है कि स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा यह पर्यावरणीय, विरासत सहित सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक स्थिरता के साथ स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस प्रकार, यह योजना देश में पर्यटन संबंधी अनुभवों को बेहतर बनाने और सुविधाओं के विकास, योजना के अंतर्गत निर्मित पर्यटन परिसंपत्तियों के सुदृढ़ संचालन एवं प्रबंधन की परिकल्पना करती

है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यटकों और आगंतुकों के बेहतर अनुभव, रोजगार सृजन तथा पर्यटन-संबंधी व्यवसायों की वृद्धि आदि को बढ़ावा मिलेगा।

स्वदेश दर्शन योजना राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को स्थानीय समुदायों और हितधारकों के साथ उचित परामर्श करने, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग, पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों के उपयोग, स्थायी पर्यटन प्रथाओं को अपनाने, सुलभ अवसंरचना और सेवाओं के विकास, क्षमता वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने, कारीगरों और एमएसएमई सहित स्थानीय समुदायों की उद्यमशीलता को बढ़ावा देने आदि के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

*****